राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र माउंट आबू से रवाना

जयपुर, 8 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार को दोपहर ग्रीष्मकालीन प्रवास पूरा कर राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र और परिजनों के साथ माउंट आबू से जयपुर रवाना हुए। माउंट आबू राजभवन में राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले उपखण्ड अधिकारी श्री कनिष्क कटारिया ने उन्हें बुके भेंट कर विदाई दी।

आबूरोड रेलवे स्टेशन पहुंचने पर जिला प्रमुख श्री अर्जुन पुरोहित, सिरोही के जिला कलक्टर डॉ. भंवरलाल, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हे भावभीनी विदाई दी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने आबू रोड रेलवे स्टेशन से दोपहर करीब सवा बजे ट्रेन द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान किया। वे बुधवार रात्रि अनुमानित 8.30 बजे जयपुर पहुंचेगे।